हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 22 फरवरी 2025


तापमान

अधिकतम 26 .6 डिग्री

न्यूनतम 7 .4 डिग्री


11 अद्भुत, अतुलनीय, अनुपम है भारत ...





12 कांग्रेस की गैरमौजूदगी से भाजपा को मिल रहा ...




## खबर संक्षेप

### यमुनानगर: हादसे में कैंटर चालक की मौत

**यमुनानगर।** फ्लाईओवर पर एक टैंकर से पीछे आ रहा कैंटर टकरा गया। जिसमें कैंटर चालक की मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम के लिए करनाल भिजवा दिया। एक कैंटर करनाल से पानीपत की ओर जा रहा था। रेस्ट हाउस के पास कैंटर के आगे चल रहे टैंकर ने अचानक ब्रेक मार दी। जिससे कैंटर टैंकर से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कैंटर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और कैंटर चालक उसमें फंस गया। घटना के कैंटर चालक यमुनानगर के गांव पिलखन निवासी आशिक खान की मौत हो गई।

### पांच हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज जान से मारने की नीयत से हमला करने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी अभिषेक को गिरफ्तार किया है। तेपला के नरेंद्र सिंह उर्फ निंदा ने 23 जुलाई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी यश व अन्य ने उसके मामा पर जान से मारने की नीयत से हथियारों द्वारा हमला किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस को अभिषेक की तलाश थी। उसकी सूचना देने के लिए पांच हजार का ईनाम भी रखा गया था।

### चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी आकाश व शाहरूख को गिरफ्तार किया है। सुभरी के प्रदीप कुमार ने 8 फरवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने रवेरा पैलेस साहा के पास से उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### चोरों ने सूने घर को बनाया निशाना

**यमुनानगर।** चोरों ने ताले तोड़कर 90 हजार रुपये, सोने व चांदी के आभूषण तथा अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। आनंद कॉलोनी पुराना हमीदा निवासी फुमन सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कॉलोनी में ही उसकी बुआ का घर है। उसकी बुआ घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गई हुई थी। जब उसकी बुआ घर लौटी तो ताला टूटा पड़ा था और अंदर घर में सामान बिखरा मिला। जांच करने पर घर से 70 हजार रुपये, दो एलईडी, तीन पतीले एल्यूमिनियम, दो कढ़ाई, चांदी की पायल, सोने के टोप्स व अन्य सामान गायब मिला।

### चोरों ने नकदी और आभूषण चुराए

**यमुनानगर।** बूडिया निवासी सरोज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह फैक्ट्री में काम करती है। 19 फरवरी को वह घर का ताला लगाकर अपने पति के साथ फैक्ट्री में काम पर चली गई थी। शाम को जब वह वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से 20 हजार रुपये, दो सोने की चेन, दो चांदी की चेन, एक जोडी पायल व अन्य आभूषण गायब मिले।

### तीन बाल श्रमिकों को रेस्क्यू किया

**पानीपत।** राष्ट्रीय बाल संरक्षण एवं अधिकार आयोग के बाल श्रम के खिलाफ एक कदम राष्ट्रव्यापी अभियान और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशानिर्देशानुसार एमडीडी ऑफ इंडिया की टीम द्वारा शिकायत मिलने पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिक यूनिट द्वारा सेक्टर 29, नजदीक कृष्णा गार्डन पानीपत में दुकानों पर बाल श्रम कर रहे तीन बच्चों को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति में पेश कर बाल देखभाल गृह भेजा गया। इस कार्रवाई में एस आई संदीप कुमार, अजय चौहान मौजूद रहे।

## एचएपी मधुबन के निदेशक डॉ. अरशिंदर सिंह चावला ने कहा

# पानी बचाना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी बिना पानी के जीवन का अस्तित्व नहीं

- डा. चावला मधुबन पुलिस अकादमी में भावी पीढ़ी के लिए भू-जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन विषय पर आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे

**प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

एचएपी मधुबन के निदेशक डा. अरशिंदर सिंह चावला ने कहा है कि पानी का अत्यधिक दोहन चिंता का विषय है। भावी पीढ़ियों के लिये पानी बचाना हर व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है। खुद से शुरुआत करके दूसरों को भी पानी बचाने के लिये प्रेरित करना होगा। डा. चावला शुक्रवार को मधुबन पुलिस अकादमी के ऑडिटोरियम हॉल में भावी पीढ़ी के लिए भू-जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन विषय पर आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यशाला का आयोजन कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की स्थानीय भूमि एवं जल संरक्षण शाखा द्वारा किया गया।

उन्होंने रंगरूटों से अपील की कि वे खुद भी पानी का वाजिब इस्तेमाल करें और दूसरों को भी इसके लिये प्रेरित करें। पानी के बिना जीवन का अस्तित्व नहीं है। पानी का अत्यधिक दोहन चिंता का विषय है। सरकार तो अपने स्तर पर जल संरक्षण के लिये कदम उठा ही रही है पर इसके लिये जनभागीदारी भी जरूरी है। पानी बचाने से आंतरिक संतुष्टि भी प्राप्त होगी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पंचायत विभाग के पूर्व महानिदेशक बीएस मलिक ने कहा कि जल संचयन में प्लास्टिक थैलियां एक बड़ी बाधा हैं।

दुर्भाग्य की बात है कि पाबंदी के बावजूद प्लास्टिक की थैलियां धड़ल्ले से बिक रही हैं। प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिये लोगों को जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि कहा जा रहा है कि अगला विश्व युद्ध पानी को लेकर होगा। उन्होंने कार्यशाला में मौजूद लोगों से अपील की कि पानी बचत की शुरूआत घर से करें। रसोई के फालतू पानी को नाली में बहाने की बजाय पेड़-पौधों व सब्जियों में डालें, ब्रुश अथवा हाथ धोते समय नल को खुला न छोड़ें, संभव हो तो नहाते समय फव्वारे की बजाय बाल्टी का प्रयोग करें, वाहन गली अथवा सडक़ पर रोजाना न धोयें, समारोहों में पानी की बोतलों का उचित इस्तेमाल करें। पानी के अधिक प्रयोग से बिजली की खपत भी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि केवल कानून बनाने से काम चलने वाला नहीं, हर व्यक्ति को जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा। सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी सुरेंद्र टामक ने इस मौके पर जल संरक्षण के लिए अपनाई जा रही टपका विधि, फव्वारा विधि, यूजीपीएल, फसल विविधीकरण, डीएसआर आदि के बारे में जानकारी दी। साथ ही बताया कि जल संरक्षण के लिये करनाल ब्लाक के 41 गांवों में अटल भू जल योजना के तहत कार्य किया जा रहा है।

### प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

भू जल सहेली सम्मानित मुख्य अतिथि ने इस मौके पर रिंकू शर्मा रम्बा, अनीता रानी डबरकी पार, अनीता रानी ऊंचा समाना, उर्मिला रानी रूकनपुर, रीना शर्मा संगोहा, रीटा सैनी संगोही, निशा रानी पुंडरक, मुमताज बजीदा जाटान, शिक्षा सोहाना, बालकिशा सुभरी और सुमन खरकाली को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अटल भू-जल योजना पर वीडियो फिल्म दिखाई गई। कार्यशाला में मंडल भूमि संरक्षण अधिकारी डा. मुकेश कुमार, एक्सईएन एवं नोडल अधिकारी रणबीर सिंह, एसपी पुष्पा एचपीएस, डीएसपी गोरखपाल राणा, मुकेश यादव, कृषि निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार, कमल, लख्मी चंद आदि मौजूद रहे। मंच संचालन आईईसी विशेषज्ञ राजीव शर्मा ने किया।

## हरिद्वार से गंगा जल लेकर कांवड़िये निकले



**यमुनानगर।** महाशिवरात्रि का पर्व मनाए जाने में अब मात्र चार दिन शेष बचे हैं। जिसके लिए कांवड़ियों के जत्थे हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर बम-बम भोले की जयकार करते हुए अपने गंतव्य पर बढ़ने लगे हैं। जिससे सड़कों पर कांवड़ियों के जयकारों से वातावरण शिवमय बनने लगा है। वहीं प्रशासन ने कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए मार्गों पर कड़े इंतजाम कर दिए हैं।

### सीएम नायब सैनी करेंगे 25 को चुनावी सभाओं को संबोधित

**करनाल।** भाजपा नगर निगम चुनाव कार्यालय अग्रवाल धर्मशाला में असंध विधायक एवं भाजपा करनाल जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें नगर निगम चुनाव संचालन समिति की घोषणा की गई।जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल ने चुनाव समिति की घोषणा करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को अपनी जिम्मेदारी से अवगत कराया।

इस मौके पर संगठन व प्रत्याशी के बीच आपसी तालमेल बनाने के लिए वार्ड स्तर पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई।उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता चुनावी माहौल बनाने के लिए अपने व वार्ड में रहने वाले अपने समर्थकों व सभी कार्यकर्ताओं के घरों पर पार्टी का झंडा अवश्य लगाएं। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 25 फरवरी को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी करनाल में चुनावों को लेकर बड़ी जनसभाओं को संबोधित करने वाले हैं।



अंबाला। साइबर ठगी में पकड़े गए आरोपी।

### अंबाला: साइबर ठगी में चार आरोपी काबू चार मोबाइल फोन और 25 हजार जब्त

**अंबाला।** थाना साइबर क्राइम में दर्ज साइबर फ्रॉड के मामले में पुलिस ने चार मामलों में आरोपियों मांगी लाल, महिंद्र कुमार, जफर इकबाल उर्फ छोटू व एजाज को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो आरोपी राजस्थान व दो मेवात के रहने वाले हैं। पुलिस ने महिंद्र कुमार को 5 दिन व एजाज को दो दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस ने आरोपियों से चार मोबाइल फोन व 25 हजार रूपये की नकदी बरामद की है। साहा के अमित कुमार ने 24 अक्तूबर 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने धोखाधड़ी से उसके खाते से एक बड़ी रकम साफ कर दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। एक अन्य मामले में पीडित महिला ने 11 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी आरोपी ने टेलीग्राम आईडी वीआईपी सेवाएं प्रदान करने का झांसा देकर बड़ी रकम की साइबर ठगी की है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**यमुनानगर।** साढौरा थाना क्षेत्र के गांव खांडरा में देर शाम कार की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव धनानी निवासी राहुल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका दोस्त जिला कुरूक्षेत्र के गांव नखरोजपुर निवासी 20 वर्षीय हर्षजीत वीरवार को बाइक पर किसी काम से साढौरा आया था। खांडरा के पास कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे हर्षजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### परिवार से अलग रह रहा व्यक्ति कमरे में मिला मृत

यमुनानगर। गांव झींवरहेड़ी में परिवार से अगल रह रहा व्यक्ति का शव घर में पड़ा मिला। शरीर पर चोट के निशान थे। परिजन जब उसका संस्कार करके घर लौटे तो वहां से अलमारी में रखे चार लाख रुपये, मोबाइल व छोटा हाथी गायब मिला। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर हत्या करने चोरी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गांव झींवरहेडी निवासी अंकित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका सगा चाचा रामकुमार अविवाहित था। वह उनके परिवार से अलग रहता था। उन्हें दो दिन अपना चाचा गांव में दिखाई नहीं दिया तो वह उसके कमरे पर गए। जहां उसका चाचा मृत पड़ा हुआ था। उसका शरीर काला पड़ गया था और दुर्गंध आ रही थी। शरीर पर चोट के निशान थे।

### पड़ोसियों ने घर में घुसकर दंपत्ति पर किया हमला

**यमुनानगर।** शहर की अशोक विहार कॉलोनी में रंजिश के चलते पड़ोस में रहने वाले कुछ लोगों ने घर में घुसकर दंपत्ति पर हमला कर दिया। महिला के पेट में चोट लगने से वह घायल हो गई। जिसको इलाज के लिए पीजीआई रैफर किया गया। जहां उसका चार माह का गर्भपात हो गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की अशोक विहार कॉलोनी निवासी श्याम सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका एक जनवरी को पड़ासियों आशीष, मोहित शर्मा, उर्मिला, हीना व सोनिया के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया।

### खैर के पेड़ की तस्करी करने वाले कार छोड़कर हुआ फरार

**यमुनानगर।** वन विभाग की टीम ने चैकिंग के दौरान गांव असगरपुर से मारूती कार से खैर के पीस बरामद हुए। टीम को आता देखकर आरोपी खैर तस्कर कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। आरोपी खैर तस्कर जंगल से पेड़ काटकर उन्हें बेचने के लिए लेकर जा रहा था। पुलिस ने अज्ञात खैर तस्कर के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। वन विभाग साढौरा से असगरपुर बीट के इंचार्ज राम कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसे सूचना मिली थी कि खैर तस्कर गांव असगरपुर के जंगल से खैर के पेड़ काटकर उन्हें कार में चोरी करके ले जा रहा है।

### लूट के तीन आरोपी पकड़े

**पानीपत।** पानीपत के फ्लौरा चौक पर श्रमिक से मारपीट कर मोबाइल फोन लूटने वाले एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों को थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान सागर निवासी विकास नगर, दीपक निवासी गांव सिवाह व तीसरे आरोपी की पहचान नाबालिग के रूप में हुई। थाना औद्योगिक सेक्टर 29 प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि मोबाइल लूट की उक्त वारदात बारे थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में शेख नैयर निवासी पथराहा अररिया बिहार हाल किरायेदार सेक्टर 29 पार्ट टू की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं पुलिस ने आरोपी सागर व दीपक को कोर्ट से दो दिन के रिमांड पर लिया है।

### थानेदारों को तलब करेंगे : डीसी

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने शुक्रवार को जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए निर्देश दिए कि जिन पुलिस थानों से संबंधित शिकायतें अगर दोबारा समाधान शिविर में आती है तो उन थानों के एसएचओ को जनता समाधान शिविर में बुलाकर पूछा जाएगा। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाली समस्याओं का कम से कम समय में निदान करके जनता को शिविर का महत्व दिखाने का प्रयास करें। सर्वजन के हित में ये समाधान शिविर लगाये जा रहे है। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज ने कहा कि ये समाधान शिविर लोगों की समस्याओं के निदान के गवाह बन रहे है। सभी अधिकारियों को अपने आप पर पूर्ण भरोसा होना चाहिए। अधिकारियों द्वारा किये गए प्रयासों को जनता लंबे समय तक याद रखेगी। इस धारणा को ध्यान में रखते हुए हमें जनता की प्रति अपनी कर्तव्य का निवर्हन करना है।

### केयू यूआईईटी संस्थान के 4 विद्यार्थियों का भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड में चयन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूआईईटी संस्थान के 4 विद्यार्थियों का रक्षा तकनीकी क्षेत्र की प्रतिष्ठित नवरत्न कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड में चयन हुआ। इन चारों विद्यार्थियों का चयन 11 लाख 50 हजार रुपये के पैकेज पर हुआ है। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने चयनित विद्यार्थियों एवं संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा को बधाई देते हुए कहा कि यह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए बडे गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यूआईईटी के तकनीकी विद्यार्थी विकसित भारत में अहम योगदान देंगे।

### आरोही स्कूल में प्रवेश परीक्षा 23 को

**पानीपत।** आरोही मॉडल सी.से.स्कूल, छाजपुर कलां में छठी, नौवीं व ग्याहवीं में प्रवेश के लिए 23 फरवरी को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानाचार्य हेमलता बाल्यान ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का आयोजन 23 फरवरी को प्रातः 9:30 से 12:30 बजे तक किया जाएगा। सभी परीक्षार्थी परीक्षा से आधा घण्टा पहले आरोही विद्यालय मे पहुंचे। जिन विद्यार्थियों ने अभी तक अपने रोल नम्बर नहीं लिए है वे आज शनिवार 22 फरवरी तक अपने रोल नम्बर विद्यालय से आकर ले लें।

## पानीपत: ट्रक के नीचे आने से मां और बेटे की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में जीटी रोड पर पुलिस लाइन के सामने दिल्ली-पानीपत लेन पर ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार मां मुकेश व इसके पुत्र सन्नी निवासी गांव उदेशीपुर जिला सोनीपत को कुचल दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक चालक मौके पर ट्रक छोड़कर फरार हो गया। मां बेटे के शव के लोथड़े 50 मीटर तक सड़क पर बिखर गए। मृतक सन्नी अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उसके पिता की पहले मौत हो चुकी है। राहगीरों ने दोनों के शवों को चादर से ढका और इस हादसे की सूचना सेक्टर 29 थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को जिला नागरिक अस्पताल में भिजवाया और शवों की शिनाख्त कर इनके परिजनों को सूचित किया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए हैं। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी ट्रक चालक की धरपकड़ में जुटी है। पुलिस की जांच में पता चला कि सन्नी को लेकर मुकेश अपनी बहन संतोष निवासी गांव सिवाह से मिलने आ रही थी।

### इग्नू का दीक्षांत समारोह पांच को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्मपाल ने बताया इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय(इग्नू), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के 38वें दीक्षांत समारोह का आयोजन पांच मार्च को इग्नू मुख्यालय एवं पूरे देश भर के 39 क्षेत्रीय केन्द्रों पर होने जा रहा है। उनमें से क्षेत्रीय केन्द्र करनाल भी शामिल है। दीक्षांत समारोह में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान शिरकत करेंगे।

**धर्म-कर्म** संतान प्राप्ति के लिए भी महाशिवरात्रि पर भगवान शंकर की करनी चाहिए पूजा अर्चना

# महाशिवरात्रि पर भगवान शिव की उपासना व शिवलिंग की पूजा सर्वव्यापी व बेहद फलदायी

अभिषेक पूर्णिमा ▶▶| पिहोवा

भारतवर्ष में भगवान शिव की उपासना व शिवलिंग की पूजा सर्वव्यापी है। इसी कारण आज अधिकांश हिंदुओं के उपास्य देव भगवान शंकर ही है। भगवान शिव की ऐसी लोकप्रियता के अनेक कारण हो सकते हैं। आम आदमी इन्हें आशुतोष अर्थात थोड़े में ही प्रसन्न हो जाने वाले देवता के रूप में जानता है। अतः ऐसे देवता को कौन प्रसन्न नहीं करना चाहेगा।



### महाशिवरात्रि का व्रत दांपत्य जीवन में देता है खुशियां

श्री पृथ्वेश्वर महादेव मंदिर बड़ा शिवालय के व्यवस्थापक स्वामी महेश पुरी महाराज ने बताया कि पुराणों के अनुसार महाशिवरात्रि का व्रत एवं पूजन दांपत्य जीवन में खुशियां ही प्रदान नहीं करता बल्कि मनुष्य को सभी तरह के पापों से मुक्त कर देता है। अविवाहित युवक-युवतियां भी अपने भावी सुयोग्य जीवन साथी की प्राप्ति के लिए व्रत व पूजन करते हैं। संतान प्राप्ति के लिए भी महाशिवरात्रि पर भगवान शंकर की विधिवत पूजा अर्चना करनी चाहिए।

### चार पहर की पूजा मनोरथ पूरा करने में सक्षम

मां पीतांबरा पीठ बगलामुखी धाम धनीरामपुरा के सेवक विकल कुमार चौबे ने बताया कि महाशिवरात्रि पर भगवान शिव की चार पहर की पूजा अर्चना का ही विधान है। अर्थात शिवरात्रि पर रात्रि में चार पहर की पूजा सभी मनोरथ पूरा करने में सक्षम है। भगवान शिव की पूजा उनकी प्रसन्नता व अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए की जाती है।

### ग्रह दोष से भी मिलती है मुक्ति

पंडित सुरेश भार्गव ने बताया की महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव की मूर्ति पूजा से कही अधिक महत्वपूर्ण और फलदायी शिवलिंग की पूजा को माना गया है। इस दिन को भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह अथवा शिव और शक्ति के मिलन के रूप में भी श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है। महाशिवरात्रि व्रत करने से महान पुण्य की प्राप्ति के साथ-साथ व्यक्ति को ग्रह दोष से भी मुक्ति मिलती है।

### श्रद्धालुओं में उत्साह

श्री कृष्ण कृपा गोशाला समिति के अध्यक्ष एवं अग्रणी सेवादार जगदीश तनेजा ने बताया कि महाशिवरात्रि पर भगवान शिव की पूजा अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह पाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि धर्म नगरी के अनेक शिव मंदिरों में त्योहारों के साथ-साथ रोजाना भी भक्तों की भारी भीड़ लगी रहना शिव प्रेमियों की भगवान शंकर के प्रति श्रद्धा व आस्था का ही प्रतीक है। शिव स्वयं कल्याणकारी हैं। सच्चा शिव भक्त भी सदैव दूसरों का हित सोचता है।

### शिव के प्रयत्न से अवतरित हुई मां गंगा

श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर अरूणाय सेवादल के प्रबंधक भूषण गौतम ने बताया कि कि शंकर जी को संहार का देवता कहा गया है। सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति एवं संहार के अधिपति शिव को ही माना जाता है। शिव अनादि एवं सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्रोत है। उन्होंने कहा की जन्म से मृत्यु तक याद की जाने वाली पावन गंगा भी भगवान शंकर के प्रयत्नों से ही धरती पर अवतरित हुई।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य शिविर में जांचा 150 लोगों का स्वास्थ्य

**यमुनानगर।** जन कल्याण सेवा संगठन द्वारा शुक्रवार को शहर के कैंप में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 150 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाइयां वितरित की गई। शिविर में चिकित्सक डॉ. सुनील कुमार, डॉ. सुभम व डॉ. गुलशन ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाइयां वितरित की। मौके पर चिकित्सकों ने लोगों को मौसम के बदलाव के चलते अपने खान पान में ऐहतिया बरतने की सलाह दी। संगठन के संयोजक विवेक कुमार ने बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज सेवा करना है। इसी क्रम में संस्था द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया है। उनका कहना है कि कई बार कुछ लोग समय और पैसे के अभाव में अस्पताल में जाकर अपना उपचार और चैकअप नहीं करवा पाते हैं। विवेक कुमार ने बताया कि संस्था द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर, स्वच्छता कार्यक्रम के अलावा अन्य समाज कल्याण के लिए कार्य किए जाते हैं।

### महिला के साथ किया दुष्कर्म करने का प्रयास

**यमुनानगर।** शहर के निगम क्षेत्र के एक गांव में व्यक्ति ने घर में घुसकर महिला के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। महिला के शोर मचाने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पलिस ने पीड़ति महिला की शिकातय पर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार निगम क्षेत्र के एक गांव निवासी 33 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वीरवार को उसका पति व परिवार के अन्य सदस्य काम पर गए हुए थे। घर पर वह अकेली थी। सुबह 10 बजे उनके गांव का ही रामचंद्र उनके घर में घुस गया। आरोपी ने उसे घर पर अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करने का प्रयास किया। जब उसने आरोपी को विरोध करते हुए शोर मचाया तो आरोपी उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। उसने घटना की सूचना अपने पति व परिवार के सदस्यों को दी। उन्होंने आरोपी के खिलाफ महिला पुलिस थाने में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी रामचंद्र के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### युवक को गोली मारकर दी जान से मारने की धमकी

**यमुनानगर।** गांव बाल छप्पर में दोस्त के घर लौट रहे युगल को गांव के ही अंकित पंडित ने गोली मारकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार युगल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दो रात साढ़े आठ बजे अपने दोस्त के घर से अपने घर जा रहा था। रास्ते में गांव के ही अंकित पंडित ने उसे रोक लिया। और उसके साथ गाली गलौच शुरू कर दी। जब उसने आरोपी को ऐसा करने से रोका तो उसने उसे गोली मारकर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी के खिलाफ पहले भी करइं मामले दर्ज है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने नगर निगम के मतदाताओं की संख्या की दी जानकारी

# नगर निगम चुनाव में 3 लाख 55 हजार 278 मतदाता करेंगे मतदानः गुप्ता

### मतगणना शहर के राजकीय आईटीआई संस्थान में होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** लघु सचिवालय में नगर निगम व नगरपालिका रादौर के चुनाव की जानकारी देते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता। *फोटो : हरिभूमि*

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी चुनाव में तीन लाख 55 हजार 278 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। इन मतदाताओं में पुरुष मतदाता एक लाख 89 हजार 290 व महिला मतदाता एक लाख 65 हजार 986 हैं। उक्त जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने लघु सचिवालय में बातचीत करते हुए दी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि नगर निगम यमुनानगर जगाधरी में मेयर व पार्षद पद हेतु 2 मार्च को चुनाव होना है तथा मतगणना 12 मार्च 2025 को होगी। मतगणना शहर के जगाधरी वर्कशॉप मार्ग स्थित राजकीय आईटीआई में होगी। इसके लिए ईवीएम स्ट्रोंग रूम(आईटीआई) यमुनानगर को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि नगर निगम यमुनानगर जगाधरी आम चुनाव के लिए उपमण्डल अधिकारी (ना)जगाधरी को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा उनके सहयोग हेतु जिला राजस्व अधिकारी यमुनानगर, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, यमुनानगर, उप तहसीलदार जगाधरी व खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी छछरौली को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि नगर निगम यमुनानगर जगाधरी आम चुनाव को शांतिपूर्वक सम्पन्न करवाने हेतु जिला में कुल 44 सैक्टर अधिकारी, 10 रिजर्व सैक्टर अधिकारी एवं 16 नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

### नगर निगम चुनाव के बनाए गए 348 पोलिंग सेंटर

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि नगर निगम यमुनानगर जगाधरी में 348 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। निकाय चुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए 2054 अधिकारियों,कर्मचारियों का स्टाफ नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर निगम में मेयर पद हेतु महिला अनुसूचित जाति का पद आरक्षित है। मेयर पद के लिए कुल 4 उम्मीदवार ही मेयर पद के लिए मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम में कुल 22 वार्ड है जिनमें से 12 वार्ड भिन्न भिन्न वर्गों के लिए आरक्षित हैं। सभी 22 वार्डों में कुल 87 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि मेयर पद के लिए चुनाव हेतु 30 लाख रुपये खर्च कर सकता है। पार्षद पद के लिए चुनाव हेतु 7 लाख 50 हजार रुपये खर्च कर सकता है।

### नगर पालिका रादौर में कुल 11950 हैं मतदाता

उपायुक्त ने बताया कि रादौर नगर पालिका के चेयरमैन व पार्षद पदों के लिए दो मार्च को चुनाव किया जाना है। मतगणना 12 मार्च को होगी। मतगणना केन्द्र राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रादौर में बनाया गया है। नगर पालिका रादौर में कुल 11950 मतदाता हैं। जिसमें 6268 पुरुष मतदाता तथा 5682 महिला मतदाता हैं। नगर पालिका रादौर आम चुनाव के लिए उपमण्डल अधिकारी रादौर को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि नगरपालिका रादौर में 14 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। रादौर नगर पालिका में चेयरमैन का पद अनारक्षित है। चेयरमैन के पद के लिए5 उम्मीदवार ही चेयरमैन पद के लिए मैदान में हैं। नगर पालिका रादौर में 14 वार्ड हैं। जिनमें से 8 वार्ड भिन्न भिन्नव वर्गों के लिए आरक्षित हैं तथा सभी 14 वार्डों में कुल 36 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि चेयरमैन पद के लिए चुनाव के लिए 12 लाख 50 हजार रुपये खर्च कर सकता है। पार्षद पद के लिए चुनाव हेतु 3 लाख रुपये खर्च कर सकता है।



**यमुनानगर।** गोविंदपुरी रोड पर निगम द्वारा लगाई गई फैंसी डेकोरेटिव लाइट।

# फैंसी डेकोरेटिव लाइटों से जगमग हुआ क्लब मार्ग

- ट्विन सिटी में दिव्य नगर योजना के तहत शहर के तीन मुख्य मार्गों का होना है सौंदर्यीकरण
- नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने फैंसी डेकोरेटिव लाइटें लगाए जाने की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

दिव्य नगर योजना के तहत नगर निगम द्वारा सात करोड़ 19 लाख की लागत से ट्विन सिटी (यमुनानगर जगाधरी) में तीन मुख्य मार्गों के सौंदर्यीकरण किया जाना है। इस योजना के तहत शहर के गोविंदपुरी रोड पर मधु चौक से कन्हैया साहिब चौक के बीच फैंसी डेकोरेटिव लाइट लगाने का कार्य पूरा हो गया है। इससे पहले जिमखाना क्लब रोड पर फैंसी डेकोरेटिव लाइट लगाई गई थी। दोनों मार्ग अब फैंसी डेकोरेटिव लाइट से जगमग होने लगे हैं। जल्द ही निगम द्वारा वर्कशॉप रोड पर फैंसी डेकोरेटिव लाइट लगाई जाएंगी। इन मार्गों से उतारी गई स्ट्रीट लाइट अन्य स्थानों पर लगाई जाएंगी। उक्त जानकारी नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने अपने कार्यालय में दी। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि दिव्य नगर योजना के तहत तीन मुख्य सड़कों का सौंदर्यीकरण किया जाना है। जिमखाना क्लब रोड व गोविंदपुरी मार्ग पर फैंसी डेकोरेटिव लाइट लगाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। जिमखाना क्लब रोड पर फुटपाथ बनाने,पेड़ पौधों की बाउंड्री बनाने का कार्य प्रगति पर है।

# शिविर में 112 लोगों का हेल्थ चैकअप

- शिविर में सैंकड़ों लोगों के दस्तावेजों की त्रुटियां भी की गई दूर
- सांसद नवीन जिंदल द्वारा आयोजित करवाया गया नवीन संकल्प शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** ऊंचा चांदना में आयोजित शिविर में ग्रामीणों के आधार कार्ड बनाते विशेषज्ञ।

कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल की ओर से शुक्रवार को गांव उंचा चांदना में नवीन संकल्प शिविर आयोजित किया गया। जिसमें गांव के लोगों के पेंशन, आधार और परिवार पहचान पत्र संबंधित कागजात को पूरा करने में मदद की गई।

शिविर में लोगों को दस्तावेजों की त्रुटियां ठीक किए जाने के अलावा मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा 112 मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां दी गई। सांसद जिन्दल की पहल पर लगे इस मेडिकल कैंप में रक्त व यूरिन की जांच भी की गई। सांसद नवीन जिन्दल के कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि कैंप में 112 मरीजों को परामर्श और दवाइयां दी गई और 15 मरीजों के टेस्ट भी किए गए। वहीं, कागजात व नवीन जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना संबंधित 64 लोगों को भी लाभान्वित किया गया। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल का प्रयास है कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए कल्याणकारी योजनाएं निर्बाध रूप से जारी रहेंगी। इस अवसर पर हरबंस लाल सैनी पूर्व मंडल अध्यक्ष, सतपाल सैनी सरपंच प्रतिनिधि, पूर्व सरपंच कृष्ण कुमार, रामधारी सिंह, नरेंद्र सैनी व रामकुमार सैनी आदि मौजूद रहे।

# अवैध कॉलोनी के निर्माण पर चला पीला पंजा

- जिला नगर योजनाकार विभाग ने अनाधिकृत कॉलोनी में किए जा रहे अवैध निर्माण कार्य को जेसीबी की मशीन की मदद से किया ध्वस्त
- जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने जिलेवासियों को अनाधिकृत कॉलोनियों में अपनी मेहनत की कमाई निवेश नहीं करने के लिए किया आहवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** छछरौली राजस्व मौजा में अनाधिकृत में किए गए निर्माण कार्य को ढ़हाते हुए जेसीबी मशीन। *फोटो : हरिभूमि*

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा अनाधिकृत कॉलोनी किए जा रहे अवैध निर्माण कार्य को जेसीबी की मशीन की मदद से ढ़हा दिया। जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने जिलेवासियों को अनाधिकृत कॉलोनियों में अपनी मेहनत की कमाई को निवेश नहीं किए जाने के लिए आहवान किया। नगर योजनाकार राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि राजस्व संपदा मौजा छछरौली में एक अनाधिकृत कॉलोनी में निर्माण कार्य किया जा रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने इस संबंध में उच्चाधिकारियों को सूचना दी गई। जिसके बाद जिला योजनाकार कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन की सहायता से अनाधिकृत कॉलोनी में किए जाने रहे निर्माण कार्य को ढ़हाए जाने की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम पुलिस बल और ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के रुप में नियुक्त किए गए नायब तहसीलदार छछरौली के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंचकर टीम ने अनाधिकृत कॉलोनी में बनाए जा रहे सड़कें, दुकानें व नींवो को जेसीबी मशीन की मदद के ध्वस्त कर दिया।

### नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे

जिला नगर योजनाकार राजैश कुमार ने बताया कि निर्माण कार्य को ध्वस्त करने से पहले चूककर्ताओं को कन्ट्रोल एरिया एक्ट नंबर 12 की उपधारा 2 ऑफ 1963 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे। मगर चूककर्ताओं द्वारा विभागीय आदेशों की पालना नहीं की गई और अवैध रुप से निर्माण कार्य कर दिया। इस संबंध में विभाग से अनुमति नहीं ली गई। जिसके बाद कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी ने जनसाधारण से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति किसी अवैध कॉलोनी में कोई भी प्लाट आदि की खरीद फरोख्त न करें। यदि फिर भी कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी में निर्माण करता हुआ पाया गया तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा तथा जिला प्रशासन द्वारा उसके विरूद्ध भविष्य में भी नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

# मातृभाषा के ज्ञान के बिना तरक्की असंभव

- गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में उल्लास पूर्वक मनाया गया अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** गुरुनानक खालसा कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते मुख्य वक्ता।

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर के स्नातकोत्तर पंजाबी विभाग के तत्वावधान में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सहयोग से शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस को समर्पित एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में मुकंद लाल नेशनल कॉलेज के पंजाबी विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध कवि डॉ. निर्मल सिंह कोमल ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता संस्थान की प्राचार्या डॉ.प्रतिमा शर्मा ने की। मुख्य वक्ता डॉ. निर्मल सिंह कोमल ने बताया कि किस प्रकार बांग्लादेश के युवाओं ने अपनी मातृभाषा को बचाए रखने के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर पूरी दुनिया का ध्यान मातृभाषा के महत्व की ओर आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि अपनी मातृभाषा और अपनी संस्कृति को भूलकर व्यक्ति कभी विकास नहीं कर सकताए बल्कि उसे मानसिक पीड़ा झेलनी पड़ती है। इस अवसर पर डॉ. निर्मल सिंह कोमल ने अपनी मधुर आवाज में पंजाबी संस्कृति को जीवंत करने वाले बोलियों व बोलियों के साथ साथ सांस्कृतिक गीत सुनाकर विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राचार्या डॉण प्रतिमा शर्मा ने मातृभाषा के महत्व और मानव जीवन में इसके योगदान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाषा कोई भी होए मनुष्य के बुनियादी विकास में उसका सबसे बड़ा योगदान होता है। डॉ.प्रतिमा शर्मा ने कहा कि हमें जीवन में अधिक से अधिक भाषाएं सीखनी चाहिए लेकिन हमें हमेशा अपनी मातृभाषा पर गर्व करना चाहिए और उससे प्रेम करना चाहिए। कॉलेज प्राचार्या डॉ.प्रतिमा शर्मा व कॉलेज के अन्य शिक्षकों ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न व उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर पंजाबी विभाग के प्रो.सुनील नागरा, डॉ.कैथरीन मसीह, डॉ.किरणपाल सिंह विर्क, डॉ.अनुराग, डॉ.विनय चंदेल, डॉ.पायल लांबा आदि रहे।

### युवा पीढ़ी मातृ भाषा से जुड़कर करें तरक्की

पंजाबी विभागाध्यक्ष डॉ.तिलक राज ने कॉलेज प्रबंधक समिति के चेयरमैन सरदार रणदीप सिंह जौहर, समस्त प्रबंधक समिति के साथ-साथ कॉलेज की प्राचार्या डॉ.प्रतिमा शर्मा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को अपनी मातृभाषा से जुड़कर अपने जीवन का विकास करना चाहिए। हम अपनी मातृभाषा को सदैव अपने माता-पिता से एक सांस्कृतिक परंपरा के रूप में प्राप्त करते हैं। यह सिर्फ एक भाषा नहीं बल्कि रिश्तों का एक धागा है जो हमें एक साथ बांधता है।

# रक्तदान को लेकर किया जागरुक

- जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया नुक्कड़ नाटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** मुकंदलाल कॉलेज रादौर में आयोजित नुकड नाटक में प्रस्तुति देते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में शुक्रवार को विद्यार्थियों ने जेएमआईटी व एमएलएन कॉलेज परिसर में एक प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। जिसके माध्यम से उन्होंने लोगों को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक किया और उन्हें आगामी ब्लड डोनेशन मेला में रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। यह मेला 28 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक में अपने सशक्त अभिनय के माध्यम से रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया। उन्होंने यह संदेश दिया कि रक्तदान न केवल जरूरतमंदों की जान बचाने का एक सशक्त माध्यम है। बल्कि यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। उन्होंने बताया कि एक यूनिट रक्तदान से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग व एमएलएन कॉलेज की प्रधानाचार्य ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होते हैं। और युवाओं को सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक बनाते हैं। जेएमआईईटीआई रादौर के छात्रों द्वारा किया गया यह प्रयास निश्चित रूप से रक्तदान को लेकर समाज में जागरूकता बढ़ाने और लोगों को इस महादान के लिए प्रेरित करने में सहायक सिद्ध होगा।

# गंदा पानी जमा होने से परेशानी

- बच्चों व राहगीरों को मजबूरी में गंदे पानी से होकर निकलना पड़ रहा है
- प्रशासन से लगाई समस्या का समाधान करने की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** रादौर में कॉलेज रोड पर सड़क पर खड़ा सीवरेज का गंदा पानी।

रादौर के कॉलेज रोड पर सीवरेज ब्लॉक होने से गंदा व बदबुदार पानी सड़क पर जमा हो गया है। जिससे स्कूल, कॉलेज, स्थानीय दुकानदार व अन्य राहगीरों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं सड़क पर जमा गंदा पानी गंभीर बीमारियों को न्यौता दे रहा है। स्थानीय निवासियों सविता रानी, रमेश चंद आर्य, निक्कू चौहान, दिनेश आर्य, सन्नी आर्य, मनोज आर्य, संदीप मित्तल व मूलाराम आदि ने बताया कि एक ओर तो सरकार स्वच्छता को लेकर लाखों रुपये खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर संबंधित विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। कॉलेज रोड शहर के सबसे व्यस्त चौराहों में से एक है। जिस पर हर दिन हजारों की संख्या में बड़े छोटे वाहन गुजरते है। कॉलेज रोड पर कॉलेज के पास स्थित सीवरेज ब्लॉक होने से नालियों का गंदा पानी सड़क पर इकठ्ठा हो रहा है।

## हरिद्वार से गंगा जल लेकर कांवड़ियों के आवागमन से वातावरण शिवमय

# जिले में गूंजने लगे बम-बम भोले के जयकारे

- महाशिवरात्रि का पर्व मनाए जाने में अब मात्र चार दिन शेष बचे है और जिले की सड़कों पर शिवभक्तों का लगने लगा तांता

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** शुक्रवार जिले की सड़कों से होकर हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर गुजरते हुए कांवड़िए। *फोटो : हरिभूमि*

महाशिवरात्रि का पर्व मनाए जाने में अब मात्र चार दिन शेष बचे हैं। जिसके लिए कांवड़ियों के जत्थे हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर बम-बम भोले की जयकार करते हुए अपने गंतव्य पर बढ़ने लगे हैं। जिससे सड़कों पर कांवड़ियों के जयकारों से वातावरण शिवमय बनने लगा है। वहीं प्रशासन ने कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए मार्गों पर कड़े इंतजाम कर दिए हैं। शुक्रवार को हरिद्वार से गंगाजल लेकर दिन भर कांवड़ियों के जत्थे जिले की सड़कों पर बम-बम भोले का जयघोष करते हुए अपने-अपने गंतव्य की ओर बढ़ते दिखाई दिए। इन जत्थों में ज्यादात्तर पंजाब, हिमाचल व जम्मू के कांवड़िए थे। पंजाब के गुरदासपुर से शोभित, विकास, मोहित व कुलदीप आदि ने बताया कि वह पिछले सात वर्षों से महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य पर जाकर भगवान शिव का अभिषेक करते हैं। जिससे उन्हें न केवल आत्मिक शांति मिलती है, बल्कि उनकी मन्नत भी पूरी होती है।

### सुरक्षा के लिए किए कड़े इंतजाम

महाशिवरहात्रि पर्व को देखते हुए पुलिस ने कड़े सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। वहीं शिव मंदिरों को आकर्षक रुप से सजाया गया है। खास बात यह है कि जिले भर में कई स्थानों पर कांवड़ियों के जलपान के लिए शिविर लगाए गए हैं। वहीं, शिव मंदिरों में जलाभिषेक करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शिव धाम मंदिर के पंडित नरेश गौतम ने बताया कि इस बार 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है। जिसके लिए शिव मंदिरों में जलाभिषेक किया जाएगा।

# लाखों की संख्या में श्रद्धालु करेंगे चेत्र की अमावस पर स्नानः डीडी शर्मा

- चैत्र चौदस पर विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु करेंगे अपने पूर्वजों के लिए पिंडदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि उपमंडल पिहोवा में हर वर्ष चेत्र चौदस मेले का आयोजन किया जाता है। उपमंडल पिहोवा में यह मेला 27 मार्च से 29 मार्च तक चलेगा। चेत्र चौदस मेले में विभिन्न राज्यों के लोगों द्वारा सरस्वती सरोवर में स्नान किया जाता है व अपने पूर्वजों की आत्मा की सुख-शांति के लिए पिंडदान किया जाता है। वे शुक्रवार को किसान रेस्ट हाऊस में सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे तथा मेले के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए उनके साथ दिए गए सुझावों पर चर्चा कर रहे थे। इस मौके पर उपमंडल अधिकारी नागरिक कपिल कुमार भी उपस्थित थे। जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि चैत्र चौदस मेला 27 मार्च से 29 मार्च तक चलने वाला है जिसमें दसवीं व एकादशी के समय से भी हिमाचल प्रदेश के लोग आने शुरू हो जाते हैं। चैत्र की अमावस को सभी श्रद्धालु अपने पित्रों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान व पूजा-पाठ करवाते हैं। इस अवसर पर लाखों श्रद्घालू भिन्न-भिन्न राज्यों से पिहोवा के सरस्वती तट पर आते हैं। चेत्र चौदस मेले के अवसर पर उपमंडल पिहोवा के बाजार विशेषकर सरस्वती तीर्थ के चारों तरफ श्रद्घालुओं के आवागमन से रौनक का माहौल बन जाता है। चेत्र चौदस मेले के समय लाईटिंग से सारा शहर जगमगाता है तथा लोगों के मनोरंजन के लिए तरह-तरह के इंतजाम भी किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्घालुओं के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं मुहैया करवाने के साथ-साथ सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की जाएगी। शहर में सभी जगह सीसीटीवी कैमरों की पैनी नजर हर व्यक्ति पर रहेगी ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना या चोरी न हो सके। इसके अतिरिक्त विशेष तौर पर भारी पुलिस बल भी तैनात किया जाएगा ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। विभिन्न व्यवस्थाओं को अंजाम देने के लिए टैंडर आमंत्रित किए गए थे, जिनके लिए कमेटियों का गठन किया जाएगा। इन कमेटियों के समक्ष सभी टैंडर खोले जाएंगे तथा व्यवस्थाओं को आंबटित किया जाएगा। बैठक में नगरपालिका चेयरमैन आशीष चक्रपाणि ने अपने सुझाव देते हुए कहा कि शहर में सबसे पहले सफाई व्यवस्था पर फोकस करना अनिवार्य है क्योंकि शहर में आने पर सबसे पहला आकर्षण साफ-सफाई तथा स्वच्छता ही होती है।

## ट्रैफिक व्यवस्था के लिए आठ पार्किंग प्वाइंट पिहोवा में निर्धारित किए गएः कपिल कुमार


उपमंडल अधिकारी नागरिक कपिल कुमार ने कहा कि चैत्र चौदस मेले में ट्रैफिक व्यवस्था के लिए आठ पार्किंग प्वाइंट पिहोवा में निर्धारित किए गए हैं, जिसमें पुलिस विभाग के कर्मचारियों की डयूटी लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरस्वती तीर्थ पर कार्तिक मंदिर तथा प्रेत पीपल पर लोगों का ज्यादा आवागमन रहता है। इन स्थानों पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी ताकि वहां पर श्रद्धालुओं को कोई समस्या न आए। इसके अतिरिक्त ऐसे स्थानों पर जेब कतरों से भी बचाव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तीर्थ स्थल पर पीने के पानी और शौचालय की व्यवस्था पूर्ण रूप से दुरस्त की जाएगी ताकि यात्रियों को कोई परेशानी न हो। इसके अतिरिक्त सरस्वती तीर्थ पर साज सजावट तथा सौंदर्य करण का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। बैठक में नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि, उप प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र ढींगरा, सरस्वती हेरिटेज बोर्ड सदस्य रामधारी शर्मा, युधिष्ठिर बहल, जगदीश तनेजा, महेश तलवाड, रोशन गर्ग, गोपाल कौशिक, दीपक अत्री सहित सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बुनियाद लेवल-3 की परीक्षा के लिए 283 विद्यार्थी चयनित



**कुरुक्षेत्र।** मिशन बुनियाद के अंतर्गत बुनियाद लेवल-3 की परीक्षा के लिए 283 विद्यार्थियों को चयनित किया है। जिला विज्ञान विशेषज्ञ एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कुरुक्षेत्र जिला से बुनियाद लेवल-2 की परीक्षा में 1031 विद्यार्थियों ने भाग लिया था जिसमें से 283 विद्यार्थियों को बुनियाद लेवल-3 की परीक्षा एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम के लिए चयनित किया है। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि बुनियाद लेवल-2 की परीक्षा में राजकीय माध्यमिक विद्यालय समसीपुर के छात्र पूर्व ने 151 अंक प्राप्त कर कुरुक्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजकीय माध्यमिक विद्यालय झिनझरपुर की छात्रा स्नेहा ने 89 अंक प्राप्त कर कुरुक्षेत्र में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राजकीय माध्यमिक विद्यालय जलालुदीन माजरा की छात्रा नवजोत कौर ने 80 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला कुरुक्षेत्र में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्योतिसर के सर्वाधिक 9 विद्यार्थियों का चयन बुनियाद लेवल 3 की परीक्षा के लिए हुआ है। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रतापगढ़, राजकीय माध्यमिक विद्यालय आलमपुर तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भटेरी के 6-6 विद्यार्थियों का चयन बुनियाद लेवल 3 परीक्षा के लिए हुआ तथा इन विद्यालयों ने कुरुक्षेत्र जिला में संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मिजार्पुर, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेसर तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ठोल के 5-5 विद्यार्थियों का चयन बुनियाद लेवल 3 परीक्षा के लिए हुआ तथा इन विद्यालयों ने कुरुक्षेत्र जिला में संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप



### विद्यालय में मातृभाषा दिवस का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर 3 विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों की। मुख्य रूप से अपनी मातृभाषा में निबंध लेखन। मातृभाषा के महत्व को लेकर चर्चा। मातृभाषा का सम्मान करने और अपने दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लेना रहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भाषाई विविधता को संरक्षित करना और बढ़ावा देना। छात्रों को अपनी मातृभाषा को अपनाने एवं उसे पर गर्व करने के लिए प्रोत्साहित करना रहा। विद्यालय प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने कहा कि मातृभाषा हमारी संस्कृति और पहचान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमें अपने मातृभाषा को सुरक्षित रखना चाहिए।

### प्रो. हिम्मत सिंह स्मृति व्याख्यान का आयोजन



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा शुक्रवार को द्वितीय प्रो. हिम्मत सिंह स्मृति व्याख्यान अवसर पर इतिहासविद एवं विचारक प्रो. लारी आजाद ने बतौर मुख्य वक्ता प्रो. हिम्मत सिंह के बौद्धिक योगदान और आधुनिक समय में उनकी प्रासंगिकता पर विचार साझा किए। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि डॉ. रामेन्द्र सिंह ने दार्शनिक और नैतिक योगदानों पर प्रकाश डाला और उनके व्यक्तिगत जीवन के संस्मरण साझा किए। इस व्याख्यान की अध्यक्षता संस्कृत, पालि और प्राकृत विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. भीम सिंह ने प्रो सिन्हा जी के कई भाषाओं के ज्ञान व संस्कृत के प्रकांड विद्वान के स्वरूप को उजागर किया।

## नगर निकाय चुनाव : 40 से ज्यादा अति संवेदनशील और संवेदनशील बूथों पर रखनी होगी पैनी निगाह

# अधिकारियों को रहना होगा एक्शन मोड़ में : प्रदीप कुमार

- नियुक्त किए गए ड्यूटी मजिस्ट्रेट व अधिकारी फील्ड में रखेंगे नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




**कुरुक्षेत्र।** अधिकारियों को संबोधित करते नगर निकाय चुनाव के सामान्य आब्जर्वर आईएएस प्रदीप कुमार।

नगर निकाय चुनाव के सामान्य आब्जर्वर आईएएस प्रदीप कुमार ने कहा कि नगर निकाय चुनावों को सभी अधिकारी लोकसभा और विधानसभा की तरह गंभीरता से लेंगे। इन चुनावों में अधिकारियों को हमेशा एक्शन मोड में रहना होगा। इन चुनावों में शराब, पैसा या अन्य किसी भी तरह के प्रलोभन की शिकायत मिलने पर सम्बन्धित क्षेत्र के अधिकारी को तुरंत एक्शन लेना होगा। अहम पहलू यह है कि इन नगर निकाय चुनावों में आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना किसी भी कीमत पर सहन नहीं की जाएगी। सामान्य आब्जर्वर प्रदीप कुमार शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में नगर निकाय चुनावों को लेकर आरओ, एआरओ व नोडल अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले उपायुक्त नेहा सिंह ने थानेसर नगर परिषद के सामान्य चुनाव के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि थानेसर नगर परिषद में पार्षद पद के लिए 32 वार्डो में से 30 वार्डों में चुनाव होने है, यहां पर 2 वार्डों में सर्वसम्मति बनी है। इसी तरह लाडवा के वार्ड नंबर 11 में पार्षद पद के लिए भी सर्व सम्मति बनी है और इस्माइलाबाद नगर पालिका में प्रधान पद के लिए उपचुनाव होने है और यहां पर 13 वार्ड बनाए गए है। इन चुनावों को सफल और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए डीएमसी सतेन्द्र सिवाच को आरओ, इस्माइलाबाद उप चुनाव के लिए एमडी शुगर मिल विरेन्द्र चौधरी को आरओ नियुक्त किया गया है। सामान्य पर्यवेक्षक प्रदीप कुमार ने कहा कि नगर निकाय चुनावों को आपसी तालमेल के साथ शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाना है, इसके लिए अधिकारियों को किसी भी स्तर पर मिलने वाली शिकायत पर तुरंत कारवाई अमल में लानी है और शिकायतकर्ता को संतुष्टद्द करना है। सभी अधिकारियों को हमेशा एक्टिव मोड में रहकर अपनी डयूटी का निर्वहन करना होगा। इन चुनावों की नियमित रूप से रिपोर्ट आरओ और आला अधिकारियों को भिजवानी सुनिश्चित करनी होगी। इन चुनावों के लिए नियुक्त किए गए डयूटी मजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारी निरंतर फील्ड में रहकर नजर रखेंगे। जहां कहीं भी एमसीसी के आदेशों की अवहेलना नजर आए उसी समय नियमानुसार कार्रवाई अमल में लानी है।

### 30 से ज्यादा जगहों पर पुलिस ने की नाकाबंदी

उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की तरफ से शहर में 30 से ज्यादा जगहों पर नाकाबंदी की गई है। इन जगहों पर पुलिस प्रशासन को मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करना होगा और हर वाहन को चैक करना होगा, लेकिन पुलिस प्रशासन को यह भी ध्यान में रखना होगा कि आम नागरिक को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना आए। उपायुक्त ने कहा कि पुलिस अधिकारियों को विशेष ध्यान रखना होगा कि रिटर्निंग अधिकारी के आदेशों के बिना कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लानी, पुलिस को किसी भी तरह कोई कार्रवाई करने से पहले सम्बन्धित क्षेत्र के आरओ को कांफिडेंस में लेना होगा।

### अधिकारी नियमित रूप से गश्त करेंगे : डीसी

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि नगर परिषद थानेसर में 40 से ज्यादा बूथ संवेदनशील और अतिसंवेदनशील श्रेणी में आए है। इन बूथों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की ड्यूटी लगाई जाएगी और डयूटी मजिस्ट्रेट भी इन बूथों पर निरंतर पैनी निगाहें रखेंगे और इन बूथों पर आला अधिकारी भी नियमित रूप से गश्त करेंगे। किसी भी व्यक्ति को कानून व्यवस्था को खराब नहीं करने दिया जाएगा।

### पुलिस अधिकारी व कर्मचारी देंगे ड्यूटी : डबास

पुलिस पर्यवेक्षक आईपीएस भारती डबास ने कहा कि नगर निकाय चुनावों को लेकर रात्रि के समय चैकिंग अभियान को तेजी के साथ चलाया जाएगा और 30 से ज्यादा जगहों पर नाकाबंदी की गई है। अगर जरूरत पड़ी तो रात्रि के समय नाकाबंदी की संख्या में इजाफा किया जाएगा। सभी पुलिस अधिकारी कर्मचारी नाकाबंदी के दौरान पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी देंगे। अगर चेकिंग के दौरान ड्यूटी में लापरवाही नजर आई तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## नगर परिषद थानेसर व इस्माईलाबाद चुनावों के लिए बीयू व सीयू का हुआ रेंडमाइजेशन



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद अधिकारी।

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि नगर परिषद थानेसर के आम चुनाव में चेयर पर्सन व पार्षदों तथा इस्माईलाबाद में प्रधान पद के उप चुनाव को लेकर बीयू और सीयू मशीनों का रेंडमाइजेशन का कार्य पूरा कर लिया गया है। यह रेंडमाइजेशन का कार्य नगर निकाय चुनावों के सामान्य आब्जर्वर प्रदीप कुमार की देखरेख में किया गया। उपायुक्त नेहा सिंह शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में नप व नपा चुनावों को लेकर रेंडमाइजेशन कार्यक्रम के दौरान बोल रही थी। इससे पहले नगर निकाय के चुनावों के सामान्य आब्जर्वर प्रदीप कुमार व पुलिस आब्जर्वर आईपीएस भारती डबास, उपायुक्त नेहा सिंह, नगर परिषद थानेसर के रिटर्निंग अधिकारी एवं डीएमसी सतेन्द्र सिवाच, इस्माइलाबाद उप चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी एवं एमडी शुगर मिल विरेन्द्र चौधरी, एसडीएम थानेसर अमन कुमार, नगराधीश डा. रमन गुप्ता के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और चेयरमैन व प्रधान पद तथा पार्षद पद के प्रत्याशियों के समक्ष नगर निकाय चुनावों के लिए बूथों के अनुसार बीयू और सीयू ईवीएम मशीनों का रेंडमाइजेशन किया गया और सभी की सहमति से अंतिम रिपोर्ट तैयार की गई। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि नगर परिषद थानेसर में 7 वार्ड और 32 वार्ड में सर्व सम्मति बनी है, इसलिए इन दोनों वार्डो के 7 बूथों पर मतदान नहीं होगा। इसलिए 30 वार्डो के 101 बूथों पर चुनाव होगा।

## विकसित भारत 2047 के लिए इतिहास जानना आवश्यक : सुभाष बराला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** राज्य सभा सांसद सुभाष बराला का स्वागत करते आयोजक।

राज्य सभा सांसद सुभाष बराला ने कहा है कि विकसित भारत 2047 के लिए हमें अपने गौरवशाली इतिहास एवं विरासत को जानना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण देशों के साथ वैश्विक संबंधों को मजबूत कर भारतीय अर्थव्यवस्था को एक नई गति दी है। अभी हाल ही में यूरोपीय देशों के साथ भारत के संबंधों में प्रगाढ़ता आई है जिसकी विकसित भारत 2047 में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। यह विचार उन्होंने शुक्रवार को केयू डॉ. आरके सदन में कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में लोक प्रशासन विभाग एवं न्यू पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन सोसायटी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में ह्यविकसित भारत 2047 : चुनौतियां, अवसर एवं विकासह्ण विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यातिथि राज्य सभा सांसद सुभाष बराला, अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. ओमप्रकाश पांडे, कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल तथा जीजेयू कुलसचिव डॉ. विजय कुमार, सेमिनार निदेशक प्रो. राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## कानून की महत्ता एवं प्रयोगात्मक जानकारी छात्रों के लिए लाभदायक

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में विधि संस्थान द्वारा आपराधिक कानूनों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। विधि संस्थान की निदेशिका प्रो. सुशीला देवी चौहान ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडवोकेट राजेंद्र जुनेजा का पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया। एडवोकेट राजेन्द्र जुनेजा ने आपराधिक कानून की बारीकियों एवं अपने अनुभवों का व्याख्यान किया और साथ ही प्रथम सूचना रिपोर्ट के बारे में गहनता से विचार विमर्श किया। कार्यशाला की संयोजिका डॉ. कृष्णा अग्रवाल ने विद्यार्थियों को कानून की महत्वता के साथ-साथ प्रयोगात्मक जानकारी से भी अवगत करवाया। संस्थान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुमित ने सभी का धन्यवाद किया और विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।



## पांच दिवसीय कार्य सप्ताह और भर्ती की मांग को लेकर बैंक कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बैनर तले 5 दिवसीय कार्य सप्ताह और भर्ती की मांग आदि को लेकर कुरुक्षेत्र में पंजाब नैशनल बैंक के सर्कल ऑफिस के सामने जोरदार प्रदर्शन किया गया। सभी सरकारी क्षेत्र के बैकों के स्टाफ ने आज के इस प्रदर्शन में भागीदारी की व बैंकों के प्रति सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की। यूनियनों की एक मुख्य मांग बैंकिंग उद्योग में 5 दिवसीय कार्य-सप्ताह की शुरूआत करना है। यूनियन नेताओं ने बताया कि मार्च 2024 के द्विपक्षीय समझौते और संयुक्त नोट के दौरान, भारतीय बैंक संघ (आईबीए) और यूनियनों ने 5 दिवसीय सप्ताह को लागू करने के लिए एक समझौता किया और अनुमोदन के लिए सरकार को एक औपचारिक सिफारिश भेजी गई। यू.एफ.बी.यू कुरुक्षेत्र के कोर्डिनेटर राय सिंह ने कहा कि डिजिटल बैंकिंग सेवाएं पहले से ही उपलब्ध हैं और अधिकांश सरकारी और कॉर्पोरेट कार्यालय सप्ताह में पांच दिन काम कर रहे हैं, यह सही समय है कि बैंकिंग क्षेत्र इस प्रथा को अपनाए। यूनियनों द्वारा उठाया गया एक और दबावपूर्ण मुद्दा सभी संवर्गों में स्थायी भर्ती की आवश्यकता है। यूनियन नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि एक मजबूत कार्यबल न केवल बेहतर ग्राहक सेवा सुनिश्चित करता है बल्कि मौजूदा कर्मचारियों पर काम का दबाव भी कम करता है, जिससे अंततः बैंकिंग परिचालन की गुणवत्ता में सुधार होता है। प्रदर्शन में राय सिंह, दीपक गर्ग, पंकज कुमार, जसपाल सिंह, प्रीतम कुमार, हाकम चौधरी, विनोद अरोड़ा, अजय सभरवाल, विकास जावा आदि मौजूद रहे।

## श्रीकृष्ण जग पालक व सृष्टि के नियामक तत्वः सौम्या

**कुरुक्षेत्र।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा प्रोफेसर कॉलोनी नरकातारी रोड़, थानेसर में सात दिवसीय श्रीकृष्ण कथा का भव्य आयोजन किया गया। तृतीय दिवस के अंतर्गत दिव्य गुरु श्रीआशुतोष महाराज की शिष्या भारत विख्यात भागवत भास्कर साध्वी सुश्री सौम्या भारती ने समस्त धार्मिक ग्रन्थों के समन्वय से युक्त इस भव्य आयोजन में प्रभु के जन्म एवं उनके जीवन की लीलाओं के भीतर छिपे हुए आध्यात्मिक रहस्यों को उजागर किया। जो केवल मात्र प्रभु की जीवन गाथा का वर्णन नहीं, अपितु एक विश्लेषणात्मक आध्यात्मिक अंतर दृष्टि से परिपूर्ण प्रभु के अवतरण व प्राकट्य के दिव्य रहस्यों को परिलक्षित करता प्रसंग है। सौम्या भारती ने बताया कि प्रभु का अवतरण धर्म संस्थापना के जिस संदेश को धारण किए हुए हैं, वह हर युग, काल व देश की सीमाओं से परे हैं व वर्तमान युग की समस्त समस्याओं का निवारण प्रस्तुत करता है। संसार में नाना प्रकार के रोग, शोक, जन्म, मृत्यु इत्यादि में पड़े काम, क्रोध, लोभ, मोह, अंहकार में अन्धे हो चुके मानव को सन्मार्ग पर लाने के लिए प्रभु अवतीर्ण होते हैं। उपद्रव को शान्त करने हेतु नित्यधाम से अनुरूप हो कार्य को सम्पादित करने हेतु जन्म लेते हैं। उन्होंने प्रभु के अवतरण के संबंध में बताते हुए कहा कि प्रभु श्री कृष्ण जग पालक व सृष्टि के नियामक तत्व हैं, जो साकार रुप धारण कर अवतरित होते हैं।



## जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को दी स्वच्छता से संबंधित जानकारी



**कुरुक्षेत्र।** बच्चों को सामान वितरित करते ट्रस्ट के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा कुरुक्षेत्र के सेक्टर 2 में सुन्दरपुर, देवीदासपूरा, रतगल व आसपास झुग्गी झोपडी में रहने वाले जरूरतमंद बच्चों को स्वच्छता से संबंधित सामान वितरित किया गया। कार्यक्रम में सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी अमित कालडा ने की। पवन मित्तल द्वारा वहां उपस्थित सभी बच्चो को स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर मे ही भगवान का वास होता है इसलिए हम सभी स्वच्छता को अपनाकर खुद भी स्वस्थ रह सकते है और समाज को भी स्वस्थ रख सकते है हमे हर रोज स्नान करना चाहिए, हर रोज सुबह दांत साफ करने चाहिए, अपने आसपास सफाई रखनी चाहिए। इस अवसर पर करीब 100 जरूरतमंद बच्चों अपनी को स्पॉन्सर डाबर के सहयोग से स्वच्छता से सम्बन्धित उनकी जरूरत का सामान जैसे नहाने की साबुन, टूथपेस्ट, नारियल पानी वितरित किए गए। समाजसेवी मास्टर अमित कालडा ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म का कार्य है।

## कार्यक्रम | कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

- *विद्यार्थियों को मातृभाषा व स्थानीय बोलियो से जुड़े रहने का किया आह्वान*
- *विद्यार्थियों ने दी हरियाणवी, पंजाबी, डोगरी, मराठी भाषाओं में प्रस्तुति*

# अद्भुत, अतुलनीय, अनुपम है भारत का भाषा परिवारः वीरेन्द्र पाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल का स्वागत करते संस्थान के निदेशक डॉ महासिंह पूनिया।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल ने कहा कि भारत का भाषा परिवार जितना वैज्ञानिक है, उसका मुकाबला संसार की कोई भाषा नहीं कर सकती। सभी भाषाएं अपनी जगह महत्त्वपूर्ण है, लेकिन भारत में हिंदी और उसकी जननी संस्कृत को प्राचीन भारत के मनीषियों ने इतने वैज्ञानिक तरीके से विकसित किया कि यह अद्भुत, अतुलनीय व अनुपम कहलाई। वह शुक्रवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय स्थित जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि किस प्रकार हिंदी एक धवनांतरण भाषा है, यानी जैसे बोली जाती है, वैसे ही लिखी जाती है, और इसी कारण इसके उच्चारण औ अभिव्यक्ति में दोहरे अर्थ उपजने का संकट ही पैदा नहीं होता। इसी प्रकार संस्कृत हर शब्द अपने आप में पूर्ण है, और उच्चारण इतना वैज्ञानिक है कि अस्पष्टता उत्पन्न हो ही नहीं सकती। कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि संसार के विभिन्न देशों में भाषा के शिक्षण से जुड़े अपने अनुभव विद्यार्थियों से सांझा करते हुए मातृभाषा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि आप संसार की चाहे कितनी भाषाएं सीखो लेकिन अपनी मातृभाषा और अपनी स्थानीय बोलियों से दूरी न बनाएं क्योंकि वो आपकी वास्तविक अभिव्यक्ति है, उसमें आपका मूल छिपा है।

### हरियाणवी बोली का इतिहास हजारों साल पुरानाः डॉ. महासिंह

संस्थान के निदेशक डॉ महासिंह पूनिया ने कहा कि मातृभाषा और स्थानीय बोलियो की महिमा का कितना गुणगान करें, जितना करेंगे वो कम पड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणवी बोली का इतिहास हजारो साल पुराना है। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ अपने विभिन्न देशों में भ्रमण के अनुभव साझा करते हुए बताया कि किसी भी व्यक्ति की वास्तविक शक्ति, उसकी सच्ची वाणी, उसकी मातृभाषा होती है। उन्होंने कहा कि लोग कहते हैं कि हरियाणवी बोली है, लेकिन पुष्ट प्रमाण सिद्ध करते हैं कि यह बोली नहीं यह भरी पूरी भाषा है। उन्होंने भारतीय वैदिक साहित्य से लेकर, अरबी, फारसी व अन्य बहुत-सी भाषाओं में हरियाणवी शब्दों के समानार्थक शब्दों का वर्णन कर विद्यार्थियों को हरियाणवी के संदर्भ में रोचक तथ्य बताए। इस अवसर पर संस्थान शिक्षिका डॉ. मधुदीप ने बड़े रोचक अंदाज में विभिन्न आंचलिक भाषाओं में अभिवादन का उच्चारण किया। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षक डॉ. आबिद ने भी विभिन्न स्थानीय बोलियों के प्रयोग से जुड़े अपने अनुभव सांझे किए। कार्यक्रम में संस्थान शिक्षक डॉ तपेश किरण, गौरव कुमार, अमित जांगड़ा, डॉ. प्रदीप राम, सचिन वर्मा, ऋतु, डॉ. सपना कालिमा, डॉ. अतुल, प्रीति, राहुल अरोड़ा, कंचन शर्मा व नीतिन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### भाषण प्रतियोगिता में लक्की रहा अव्वल

**बराड़ा।** एमपीएन कॉलेज के स्टूडेंट्स ने एमडीएसडी कॉलेज में आयोजित पांच दिवसीय जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस कैंप में भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों को रक्तदान, आपदा प्रबंधन और समुदाय स्वास्थ्य जैसी महत्वपूर्ण विषयों के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता में महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज के छात्र लक्की ने पहला स्थान पाया। विजेता को सम्मानित करते हुए एमपीएन कॉलेज की प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी नितिन व शीश पाल को गिरफ्तार किया है। परिवादी कर्णजीत ने 26 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि एसडी कॉलेज गेट के बाहर से आरोपी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### मारपीट के मामले में दो आरोपी किए गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी बंधन व सूरज को गिरफ्तार किया है। न्यू विजय नगर के भूषण कुमार ने 27 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी पप्पू व अन्य ने उससे लड़ाई-झगड़ा कर मारपीट करते हुए चोटें पहुंचाई हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### पारस ने की बुनियाद लेवल-2 परीक्षा पास

**बराड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड के कक्षा आठवीं के छात्र पारस संजीव कुमार ने बुनियाद लेवल-2 परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्या मनभावनी भल्ला ने छात्र को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। विद्यालय के समस्त स्टाफ ने पारस का सम्मान करते हुए उसे उपहार भेंट किए और अन्य विद्यार्थियों को भी मेहनत और लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

### महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में निकाली कलशयात्रा



**नारायणगढ़।** इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के अवसर पर 41वें रूद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। शंकर सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम 27 तक चलेंगे। कार्यक्रम के पहले दिन शुक्रवार को नगर में रूद्र क्लश परिक्रमा का आयोजन किया गया। यह रूद्र क्लश परिक्रमा शिव मंदिर पुरानी सब्जी मंडी से आरंभ होकर नगर खेड़ा, सामान्य अस्पताल, अग्रसेन चौक से होती हुई वापिस प्राचीन शिव मंदिर पर समाप्त हुई। इसमें अनेकों महिलाएं व पुरूष सिर पर रूद्र क्लश रख कर यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। 22 से 26 फरवरी तक रोजाना सुबह नगर में प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। रोजाना सुबह 8 बजे से 12 बजे तक तथा दोपहर 2 से 4 बजे तक हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

नगर परिषद चुनाव


54 साल के इतिहास में पहली बार कांग्रेस बैकफुट पर

# कांग्रेस की गैरमौजूदगी से भाजपा को मिल रहा फायदा, चित्रा की उम्मीदवार से चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

कांग्रेस की गैरमौजूदगी से इस बार अंबाला सदर नगर परिषद का सियासी अखाड़ा खाली नजर आ रहा है। निकाय चुनाव में इस बार कांग्रेस ने न तो अध्यक्ष पद के लिए कोई उम्मीदवार मैदान में उतारा न ही सदस्य पद के लिए किसी को प्रत्याशी बनाया। 15 साल से राज्य की सत्ता से बाहर चल रही कांग्रेस का अंबाला छावनी में सूपड़ा साफ होता दिख रहा। दो विधानसभा चुनाव में तो इस सीट से कांग्रेस प्रत्याशियों को अपनी जमानत बचाने के भी लाले पड़े हुए हैं। खैर निकाय चुनाव में इस बार विस चुनाव में आजाद प्रत्याशी रही चित्रा सरवारा ने भाजपा को टक्कर देने के लिए जरुर अध्यक्ष पद समेत ज्यादातर वार्डों में अपने उम्मीदवार उतारकर मुकाबले को रोचक बनाने का प्रयास किया है।

- दो विस चुनावों में करारी हार से सियासी मैदान पर कांग्रेस का टूटा दम





**अंबाला।** समर्थकों के साथ प्रचार करती भाजपा प्रत्याशी स्वर्ण कौर व चित्रा समर्थक उम्मीदवार मनदीप कौर।

### तीन बार कांग्रेस और दो बार भाजपा का कब्जा

नगर परिषद अंबाला सदर का इतिहास लगभग 54 साल पुराना है। 1970 में अधिसूचित होने के बाद इस समिति के पहले सचिव केएल सेठी रहे। 1987 में अंबाला सदर नगर परिषद का गठन हुआ। पहले चुनाव में सतीश मित्तल को अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली। हालांकि उनका कार्यकाल अढ़ाई साल का ही रहा। इसके बाद शिवनंदन धीर को अगले अढ़ाई साल के लिए अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली। दूसरी बार 1991 में हुए नपा चुनाव में दर्शन बुद्धिराजा को अध्यक्ष बनने का मौका मिला। फिर 1995 में तीसरा चुनाव हुआ तो सुदर्शन दुआ अध्यक्ष बनीं। 2000 में चौथे चुनाव में पंडित शंकर दास को अध्यक्ष चुना गया। फिर 2005 में हुए पांचवें चुनाव में कांग्रेस की नीलम शर्मा अध्यक्ष बनी। हालांकि 2010 में नप को भंग कर दिया गया। 2013 में अंबाला सदर को नगर निगम में शामिल कर दिया। हालांकि राज्य सरकार ने 2019 में निगम को अलग करके अंबाला सदर नगर परिषद का गठन कर दिया। पिछले छह साल से यहां चुनाव नहीं हो पाए थे।

### भाजपा व चित्रा समर्थक में सीधी टक्कर

इस बार अंबाला सदर नगर परिषद का अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति की महिला उम्मीदवार के लिए आरक्षित है। भाजपा की ओर से पूर्व निगम सदस्य स्वर्ण कौर मैदान में है जबकि आजाद प्रत्याशी रही चित्रा सरवारा ने मनदीप कौर को अपना उम्मीदवार बनाया है। इसी वजह से अब स्वर्ण कौर व मनदीप कौर में अध्यक्ष पद के लिए मुकाबला हो रहा है। हालांकि इससे पहले सभी निकाय चुनाव में भाजपा की टक्कर कांग्रेस से होती थी। मगर इस बार कांग्रेस ने कोई उम्मीदवार नहीं उतारा। कोई उम्मीदवार न होन की वजह से सभी कांग्रेसी खाली घर बैठकर निकाय चुनाव का मजा ले रहे हैं। पिछले अगर दो विधानसभा चुनावों की बात करें तो कांग्रेस प्रत्याशियों के बेहद फीके प्रदर्शन की वजह से कार्यकर्ताओं का मनोबल भी पूरी तरह से टूट चुका है। 2019 में कांग्रेस ने अंबाला छावनी विस से वैश्य समुदाय की वेणू अग्रवाल को उम्मीवार बनाया था लेकिन वे अपनी जमानत भी नहीं बचा पाई। उन्हें दस हजार से कम वोट मिले थे।

इस बार कांग्रेस की ओर से युवा नेता परविंद्र सिंह परी को मैदान में उतारा था लेकिन ये भी पंद्रह हजार वोट का आंकड़ा पार नहीं कर पाए। इसके विपरीत कांग्रेस से बागी होकर आजाद प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ी चित्रा सरवारा बेहद नजदीकी मुकाबले में चुनाव हारी। कांग्रेसी पार्टी की हार का ठीकरा चित्रा के सिर पर ही फोड़ रहे हैं। हालांकि चित्रा ने निकाय चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारकर भाजपा के सामने फिर चुनौती खड़ी कर दी है।

### 1,77,590 मतदाता करेंगे फैसला

अंबाला सदर नगर परिषद में 32 वार्ड हैं। अध्यक्ष व सभी 32 वार्ड से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला एक लाख 77 हजार 590 मतदाता करेंगे। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 91 हजार 969 और महिला मतदाताओं की संख्या 85 हजार 613 है। जबकि अन्य 8 मतदाता भी सूची में शामिल हैं।

## चुनाव शांतिपूर्ण करवाना हमारी जिम्मेदारी

- एडीसी ने बैठक में अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

अतिरिक्त उपायुक्त डा. ब्रहमजीत सिंह ने कहा कि जिले में निकाय चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण तरीके से करवाना हमारा दायित्व है। चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना करते हुए चुनाव का सफलतापूर्वक आयोजन करवाना है। अतिरिक्त उपायुक्त एवं नोडल अधिकारी डॉ. ब्रहमजीत शुक्रवार को अधिकारियों की एक बैठक ले रहे थे। इस मौके पर सामान्य पर्यवेक्षक वीना हुड्डा, सामान्य पर्यवेक्षक डॉ. सरिता मलिक, रिटर्निंग अधिकारी दर्शन कुमार, रिटर्निंग अधिकारी बराड़ा अमित भारद्वाज, नगराधीश अभिषेक गर्ग, डीएसपी रजत गुलिया मौजूद रहे। एडीसी ने कहा कि चुनाव आयोग की जो भी हिदायतें है उसकी अनुपालना के तहत सभी कार्य समय रहते होने सुनिश्चित होने चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दृष्टिगत परमिशन जैसे व्हीकल, पब्लिक मीटिंग या होर्डिंग लगाने की अनुमति के लिए जो भी आवेदन हैं। उन पर नियमानुसार तुरंत कार्रवाई करनी है। इस कार्य में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। रैली व होर्डिंग लगाने के लिए स्थान निर्धारित कर दिए गए हैं। आदर्श आचार संहिता की अनुपालना के तहत टीमें फील्ड में रहकर हर गतिविधि पर नजर रखेंगी। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी पुलिस की टीमें तत्परता से कार्य करें। चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर चुनाव ड्यूटी से जुड़े कर्मचारियों व अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है ताकि चुनाव में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। चुनाव के दिन पोलिंग पार्टियों के लिए जलपान की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए।



**अंबाला।** अधिकारियों को जरुरी निर्देश देते एडीसी।

### अधिकारियों को दिया चुनाव संबंधी प्रशिक्षण

**अंबाला।** निकाय चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर शुक्रवार को मुरलीधर डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में पीठासीन , सहायक पीठासीन व पोलिंग अधिकारियों को बैच के अनुसार प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार, सुनील अग्निहोत्री द्वारा चुनाव से जुड़े कार्यों के बारे में व आयोग की हिदायतों की अनुपालना के तहत तमाम कार्यों की जानकारी उपस्थित कर्मचारियों एवं अधिारियों को दी गई। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम मशीन से संबंधित प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि 2 मार्च को जिले में निकाय चुनाव होने हैं। चुनाव ड्यूटी से जुड़े अधिकारी व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिलाने का मुख्य मकसद यहीं है कि चुनाव के दौरान उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

## युवाओं को देशसेवा के लिए किया प्रोत्साहित

- रंगारंग कार्यक्रमों के साथ रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

जिला स्तरीय यूथ रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप का आयोजन अंबाला शहर स्थित एमडीएसडी कॉलेज में किया गया। इसी कड़ी में कैंप के समापन अवसर पर नगर निगम आयुक्त ने शिरकत की। उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए अन्य सभी के कैंप के सफल आयोजन करने के कार्य की सराहना की।

मुख्यअतिथि ने इस मौके पर उपस्थित युवाओं को रेड क्रॉस के सिद्धांतों पर चलकर मानव सेवा के लिए प्रेरित किया और कहा युवा देश की तरक्की का आधार है। युवाओं को नशे जैसी भयानक बीमारी से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस सामाजिक कार्यों में हमेशा आगे आकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नशे से युवा व अन्य दूर रहें, इस बारे भी विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को जागरूक करने का काम भी करती है। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस द्वारा आयोजित पांच दिवसीय शिविर में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से युवाओं के साथ-साथ अन्य को महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई है।

सोसायटी सचिव विजय लक्ष्मी व उनकी टीम द्वारा सामाजिक कार्यों में हमेशा आगे आकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने के लिए सराहना की।इस प्रशिक्षण शिवर में युवाओं को रेडक्रॉस की मानव कल्याण गतिविधियों बारे, प्राकृतिक आपदा के समय बचाव कार्य, प्रबंधन ,सडक़ सुरक्षा यातायात नियम, मानसिक स्वास्थ्य, समाजिक सुरक्षा, नशा मुक्ति भारत अभियान, समाज के विकास में युवाओं का योगदान, समाज सेवा की भावना को जागृत करने का प्रयास किया गया।



**अंबाला।** ट्रेनिंग कैंप के दौरान छात्र व अन्य अधिकारी।

## कविता उच्चारण प्रतियोगिता में काजल ने मारी बाजी



**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय भाषा दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंजाबी गिद्दा, भंगड़ा, कविता उच्चारण, भाषण, स्लोगन लेखन और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मंच संचालन पंजाबी विभाग की इंचार्ज डॉ. दलजीत कौर ने किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने सभी को शुभकामनाएँ देते हुए भाषाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाषा सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने के साथ-साथ मानवीय संबंधों को मजबूत करती है। मातृभाषा व्यक्ति के संप्रेषण कौशल और राष्ट्रीयता की भावना को विकसित करने में अहम भूमिका निभाती है। अंग्रेजी विभाग की प्रो. डॉ. पूजा बैरागी ने अंग्रेजी भाषा के महत्व को रेखांकित करते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया। निर्णायक मंडल में डॉ. दलजीत कौर, डॉ. रितु चांदना और डॉ. पूजा बैरागी शामिल रही। कविता उच्चारण में काजल प्रथम, दीक्षा द्वितीय व अनमोलप्रीत कौर तृतीय रही भाषण प्रतियोगिता में चेष्टा ने बाजी मारी, लवलीन कौर दूसरे व अर्शदीप कौर तीसरे स्थान पर रही। निबंध लेखन में रितु पहले, सिमरन दूसरे व जश्न कौर तीसरे स्थान पर रही। स्लोगन लेखन में ज्योति ने बाजी मारी। प्रीति द्वितीय व जश्न कौर तृतीय स्थान पर रही।

## कलियुग में इंसानियत हो रही समाप्त

- ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विवि का धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में गांव भड़ोग में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने कहा की देश में ही स्वयं परमपिता परमात्मा अवतरित होकर अनेक अधर्म का विनाश कर, एक सतधर्म अर्थात आदि सनातन देवी-देवता धर्म की स्थापना करते हैं। स्वयं परमात्मा की अवतरण होने के कारण ही भारत इतना उच्च है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब हमारा देश सुख-समृद्धि से संपन्न था। चारों ओर खुशहाली और निस्वार्थ प्रेम का वातावरण था। ऐसा निस्वार्थ प्रेम जो शेर व बकरी जैसे प्राणी भी इकट्ठे नदी पर जल पीते थे। यहां रहने वाले हर एक मनुष्य दैवी गुणों से संपन्न, संपूर्ण निर्विकारी व 16 कला संपूर्ण थे। यहां रहने वाले मनुष्य देवी व देवता कहलाते थे जिनकी आयु 150 वर्ष की होती थी। 8 जन्म होते थे। इन देवताओं को सूर्यवंशी कहा जाता था। इस युग की आयु थी 1250 वर्ष थी। ये थी सतयुग की बात। लेकिन सृष्टि का नियम है कि कोई भी चीज़ सदा नई नहीं रहती है वह पुरानी ज़रूर होती है। सतयुग से आया त्रेता युग। इस युग में आत्माओं की 2 कला कम हो 14 कला रह गई। उनकी आयु भी घटकर 100 वर्ष हो गयी। यहां 12 जन्म हुए और देवताएं सूर्यवंशी से बदलकर चंद्रवंशी कहलाए। ये दोनों ही युग अथाह सुख-शांति व समृद्धि से भरपूर थे। अब कलियुग में 42 जन्म है। नीचे उतरते उतरते आत्मा की कला भी समाप्त हो शून्य कला रह गई। साथ ही इंसान के अंदर इंसानियत समाप्त हो गई। जो दैवी गुणों से संपन्न देवता थे, वे ही आसुरी अवगुणों के प्रवेश के कारण असुर जैसे बन गए।



**अंबाला।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीण।

## डॉ. सीमा सिंह को 'सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र' पुरस्कार मिला



**पंचकूला।** सेक्टर-21 निवासी रणधीर सिंह की बेटी डॉ. सीमा सिंह को अमेरिका के प्रतिष्ठित ट्रांसपोर्टेशन रिसर्च बोर्ड (टीआरबी) द्वारा 'सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। अमेरिका की नेशनल रिसर्च अकेडमीज के ट्रांसपोर्टेशन रिसर्च बोर्ड का वार्षिक सम्मेलन दुनियाभर से 12,000 से अधिक विशेषज्ञों और शोधकर्ताओं को एक मंच पर लाता है, जो कि परिवहन के भविष्य को आकार देने वाले नए विचारों और प्रयासों पर चर्चा करते हैं। इस सम्मेलन में डॉ. सीमा के शोधपत्र को टीआरबी की 'वीमेन एंड जेंडर इन ट्रांसपोर्टेशन कमेटी' द्वारा सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार वॉशिंगटन डीसी में आयोजित सम्मेलन में प्रदान किया गया।डॉ सीमा का शोध पत्र "फ्रॉम 'वट इस जेंडर' टू 'नोट माई जॉब' : इंस्टीट्यूशनल बैरियर्स एंड ए फ्रेमवर्क टू मेनस्ट्रीम जेंडर इन ट्रांसपोर्टेशन प्लानिंग" डॉक्टोरल रिसर्च प्रोजेक्ट का हिस्सा है।

राजकीय महाविद्यालय में मातृभाषा दिवस मनाया

# मातृभाषा से सामाजिक संबंध बनते हैं मजबूत

- कविता पाठ में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

अंबाला छावनी के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिन्दी विभाग एवं पंजाबी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों को मातृभाषा के महत्व को बताते हुए कहा कि मातृभाषा सामाजिक एवं पारिवारिक संबंधों को मजबूत बनाती है। हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर नीरु भाटिया ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में डॉक्टर सुनील कुमार मुख्य वक्ता तथा डॉक्टर बलवान सिंह (कवि) विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की शुरुआत इतिहास विभागाध्यक्ष डॉक्टर अतुल यादव ने की और मातृभाषा के महत्व एवं इतिहास की जानकारी दी।

इस दौरान विद्यार्थियों के लिए कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया तथा विजेता रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रोफेसर गुलाब सिंह, डॉक्टर पूजा गोयल, डॉक्टर रविंद्र कुमार, डॉक्टर राजेश कुमार, डॉक्टर रीटा टंडन, डॉक्टर रितु रानी, डॉक्टर नीलम रानी, व डॉक्टर मनजीत कौर उपस्थित रहे।



**अंबाल।** कविता पाठ प्रतियोगिता के विजेता छात्र।

## सेक्टर 4 की बदहाल सड़कों के लिए नपा को ठहराया जिम्मेदार

**नारायणगढ़।** सेक्टर 4 की टूटी सड़कें, ठप्प पड़ी सफाई व्यवस्था व पार्कों की बदहाली ने सरकार के सबका साथ सबका विकास के दावे की पोल खोल कर रख दी है। हुडा रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के पूर्व महासचिव सतीश सेठी ने सेक्टर की बदहाली के लिए प्रदेश सरकार व नगरपालिका दोनों को जिम्मेवार बताया। सेठी ने कहा कि सेक्टर पालिका के वार्ड 1 व 2 में आता है। दोनों वार्डो के चुने हुए पार्षद भी सेक्टर में ही रहते हैं। सेक्टरवासियों ने कई बार चेयरपर्सन, उपचेयरपर्सन व सचिव नगरपालिका तथा एसडीएम तक को अपना दुखड़ा सुना कर मौका भी दिखाया। विधायक शैली चौधरी व मुख्यमंत्री के स्थानीय प्रतिनिधि डा. पवन सैनी को भी अपील गई। इसी के साथ पालिका पार्षदों ने मुख्यमंत्री के संज्ञान में भी लाया। इन सब प्रयासों के बावजूद सेक्टर की एक भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। सेक्टर के रखरखाव को नगरपालिका को देने से पहले हुडा द्वारा सड़कों का निर्माण व रिपेयर रूटीन वर्क था। परंतु अब तो हालात यंहा तक आ पहुंचे है कि गड्ढों में सड़क कहीं नजर ही नहीं आती है। इस कारण गंभीर दुर्घटनाएं होने के बाद भी प्रशासन नींद से नहीं जागा। पहले हर दिन होने वाले सफाई जैसे कामकाज में दस कर्मचारी लगे हुए थे। अब सेक्टरवासी अपनी जेब से खर्च कर सफाई करवाने के लिए मजबूर हैं। पार्क खस्ताहाल हो चुके हैं जबकि पहले इनमे माली काम करते थे।

## स्लोगन प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया हुनर

**अंबाला।** डीएवी महाविद्यालय में शुक्रवार को मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी विभाग द्वारा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने मातृभाषा के रूप में विभिन्न भाषाओं पर विचार व्यक्त किए। विभागाध्यक्षा डॉ. रेखा शर्मा ने कहा कि मातृभाषा के माध्यम से हम अपने संस्कृति और संस्कारों का संरक्षण करते हैं। इसमें महाविद्यालय के 40 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में राजेंद्र कौर ने प्रथम, रूबी ने द्वितीय, स्नेहा ने तृतीय तथा निशा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉक्टर चांद सिंह और प्रोफेसर शिवानी डावर ने निभाई। कार्यक्रम के संयोजन में डॉ. रचना, डॉक्टर शर्मिला और प्रोफेसर निशा ने सहयोग दिया ।

## हवन में विद्यार्थियों ने डाली आहुतियां



**नारायणगढ़।** शुक्रवार को आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कक्षा दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद दिवस मनाया गया । इस अवसर पर चंद्रपाल शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ हवन यज्ञ किया गया। इसमें आर्य समाज मैन बाजार के प्रधान डॉ. राजेंद्र तायल , विद्यालय के प्रबंधक डॉ. विश्व बंधु गुप्ता , प्रबंधक समिति सदस्य जय भगवान , प्रधानाचार्य रजनीश शर्मा , मुख्य अध्यापिका मीनाक्षी गुप्ता तथा विद्यार्थियों ने हवन कुंड में आहुतियां डाली। गुप्ता ने विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए आशीर्वाद दिया।प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि इस बार सभी छात्र परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करके अपने माता-पिता तथा विद्यालय का नाम रोशन करें।